सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 178 | इंदौर, शनिवार 06 जनवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **Dawood Ibrahim: मिलिए उस शख्स से जो खरीद रहा अंडरवर्ल्ड डॉन की संपत्तियां, लोगों के दिलों से निकालना चाहता डर**
2. **Uttarakhand Weather: बारिश-बर्फबारी का इंतजार होगा खत्म, तीन दिन बाद प्रदेश में बदलेगा मौसम, बढ़ेगी ठंड**
3. **Bangladesh: विपक्षी पार्टी बीएनपी ने रेल अग्निकांड को बताया सुनियोजित, संयुक्त राष्ट्र से जांच की मांग**
4. **SC: सुप्रीम कोर्ट ने ठुकराई सुभाष चंद्र बोस को 'देश का बेटा' घोषित करने की मांग वाली याचिका**
5. **Maharashtra: 'उनकी हालत बहुत ही खराब..', शरद पवार ने BJP की तुलना हिटलर से की तो भड़के मंत्री**
6. **West Bengal Ration Scam: राशन घोटाले में TMC नेता गिरफ्तार, भीड़ की धक्का-मुक्की के बावजूद ED ने की कार्रवाई**
7. **AUS vs PAK: ऑस्ट्रेलिया में लगातार छठी टेस्ट सीरीज में हुआ पाकिस्तान का सफाया, जीत के साथ विदा हुए वॉर्नर**

## कोहरे में दर्दनाक हादसा

# इंदौर के दो लोगों की मौत

### 6 दिन बारिश-कोहरे से राहत नहीं, आधा प्रदेश भीगेगा भोपाल-ग्वालियर समेत 30 जिलों में घना कोहरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



इंदौर/भोपाल। मध्यप्रदेश में कड़ाके की ठंड, कोहरा और बारिश से अगले 6 दिन तक कोई राहत मिलने के आसार नहीं हैं। छिंदवाड़ा में सुबह चार बजे तेज बारिश हुई। मौसम वैज्ञानिकों ने 11 जनवरी तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया है। उधर, आगर मालवा इलाके में कोहरे के कारण दर्दनाक सडक़ हादसा हो गया, जिसमें इंदौर के दो लोगों की मौत हो गई।

दरअसल हरियाणा के ऊपर वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव होने से प्रदेश में भी मौसम सर्द रहेगा। शनिवार को भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत 30 जिलों में मध्यम से घना कोहरा रहा। वहीं, आधे प्रदेश में बादल छाने के साथ बूंदाबांदी या हल्की बारिश हो सकती है।

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि प्रदेश में अभी भी सिस्टम एक्टिव है, जो अगले दो से तीन रहेगा। दूसरी ओर, एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) हरियाणा के ऊपर एक्टिव है। इसकी वजह से आने वाले दिनों में भी मौसम सर्द रहेगा। आज रीवा, शहडोल, जबलपुर, भोपाल संभाग के साथ दमोह, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, नर्मदापुरम, बैतूल में बारिश हो सकती है।

### कार व ट्रक की जोरदार भिड़ंत

आगर मालवा जिले से गुजरे नेशनल हाईवे पर शुक्रवार-शनिवार रात में सडक़ हादसा हो गया। कोहरे के कारण सोयत और सुसनेर के बीच ग्राम खजुरी के पास ट्रक व कार की भिड़ंत हो गई। इसमें कार के परखच्चे उड़ गए, वहीं उसमें सवार नरेन्द्र राजपूत और अतुल ठेकेदार मौत हो गई। कार सवार विरेंद्र पिता धन्नालाल राजपूत निवासी हरदा घायल हो गया। उसे सुसनेर के शासकीय हॉस्पिटल ले जाया गया। मृतक इंदौर के रहने वाले बताए जा रहे हैं। सुसनेर थाना प्रभारी अनिल कुमार मालवीय ने बताया कि हादसा देर रात करीब 3 से साढ़े 3 बजे के बीच हुआ। दोनों वाहन कोहरे की वजह से टकराए हैं। दुर्घटना के बाद से ट्रक ड्राइवर अपना वाहन छोडक़र वहां से फरार हो गया है। उसकी तलाश की जा रही है। दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए नगर परिषद सुसनेर के शव वाहन से सुसनेर के शासकीय हॉस्पिटल लाया गया। यहां शनिवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा। सुसनेर पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# अवैध वसूली के खिलाफ लामबंद हुए सिएमा

## डीजे एसोसिएशन और अन्य संगठन भी एक मंच पर आए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वेड इन इंडिया मूमेंट का सपना देख रहे हैं लेकिन म्यूजिक लाइसेंस के नाम पर अवैध वसूली करने वाले इस योजना को बनने से पहले ही फेल कर रहे हैं। म्यूजिक कॉपीराइट एक्ट के नाम पर की जाने वाली वसूली के खिलाफ प्रदेश ही नहीं देश भर के इवेंट ऑर्गेनाइजर्स, एसोसिएशन और विभिन्न संगठन एक मंच पर आ चुके हैं।**

हाल ही में कम्बाइंड इनिशिएटिव फॉर इवेंट मैनेजर्स वेलफेयर एसोसिएशन (सिएमा) के सदस्यों ने इस धांधली के खिलाफ एकजुट होकर यह आवाज उठाई की म्यूजिक लाइसेंस फोनोग्राफिक परफॉर्मेंस लिमिटेड (पीपीएल), इंडियन परफॉर्मिंग राइट सोसाइटी (आईपीआरएस) और नोवेक्स द्वारा शादी, पार्टी में म्यूजिक चलाये जाने पर अवैध वसूली की जा रही है। अवैध लाइसेंस फीस वसूलने के लिए इवेंट आयोजकों, गार्डन, रेस्टोरेंट और होटल संचालकों को डराया, धमकाया जा रहा है। जबकि यह कानून शादी, समारोह और सोशल इवेंट्स पर लागू ही नहीं होता।

सिएमा के अध्यक्ष निमेष पितलिया ने बताया कि शादी-ब्याह व अन्य समारोहों में बजने वाले गाने कॉपीराइट का उल्लंघन नहीं है और न ही कोई रॉयल्टी मांग सकता है। श्री पितलिया ने संवर्धन उद्योग और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के एक पब्लिक नोटिस का हवाला भी दिया जो विभाग के अंडर सेक्रेटरी नवीन कुमार द्वारा 24 जुलाई 2023 को जारी किया गया था। इस पत्र में बताया गया कि कई लोगों ने इस तरह की अवैध वसूली की शिकायत की है जबकि स्पष्ट है कि कॉपीराइट एक्ट 1957 की धारा 52 (1) के तहत किसी धार्मिक या सामाजिक कार्यक्रम में किसी तरह के साहित्य, नाटक, गीत या संगीत की प्रस्तुति कॉपीराइट के उल्लंघन में नहीं आती। यानी धार्मिक, आधिकारिक समारोह में किसी भी रूप में ध्वनि रिकॉर्डिंग इस दायरे से बाहर है। इन्हें बजाने के लिए कोई अनुमति या लाइसेंस नहीं चाहिए। फिर भी कार्यवाही का डर दिखाकर अवैध वसूली के लिए दबाव बनाया जा रहा है। सिएमा के सचिव ध्रुव मेहता ने बताया कि शासन, प्रशासन ने आयोजनों की समय सीमा रात 10 बजे तक कर दी है, जो व्यावहारिक नहीं है। शहरी दिनचर्या के चलते किसी भी शादी, पार्टी या अन्य समारोह में मेहमान रात 9, साढ़े 9 बजे के बाद ही आ पाते हैं। ऐसे में रात 10 बजे तक कार्यक्रम को खत्म करना असंभव है। इसलिए इस समय सीमा को भी आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

### बढ़ रहा रोजगार का संकट

बताया जा रहा है कि सिर्फ लाइसेंस ही नहीं बल्कि कई कारणों के चलते सम्पन्न घराने के लोग विदेशों में जाकर हजारों करोड़ रुपए खर्च कर रहे हैं। भारतीय शादियां बाहरी देशों में होने के कारण और बड़े कार्यक्रम नहीं हो पाने के कारण इस इंडस्ट्री में काम करने वाले लोगों का रोजगार कम हो रहा है। शादियों और इवेंट्स से ही हजारों लोगों को रोजगार मिलता

# 10वीं के छात्र पर हमला

### कोचिंग के बाहर आरोपी ने मारे चाकू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम 10वीं के छात्रों में विवाद हो गया। एक छात्र ने दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। छात्रों में चिढ़ाने की बात पर विवाद हुआ था। आरोपित छात्र घायल छात्र को बोरो प्लस-बोरो प्लस बोलकर चिढ़ा रहा था। पुलिस ने आरोपित छात्र के विरुद्ध प्राण घातक हमले की धारा में केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक प्रजापत नगर में टोनी पब्लिक स्कूल के समीप की है। साईंबाबा नगर निवासी 16 वर्षीय लक्की इंगले पर उसके साथ पढ़ने वाले नाबालिग छात्र ने चाकू से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक घायल छात्र ने पुलिस को बताया कि वह कोचिंग से शाम करीब 5 बजे घर लौट रहा था। आरोपी छात्र ने राम मंदिर के समीप रोका और बोरो प्लस-बोरो प्लस बुलाकर चिढ़ाने लगा। लक्की ने उसे समझाया तो अपशब्दों का प्रयोग करने लगा।इस बात पर दोनों में कहासुनी हो गई और आरोपित छात्र ने कान के पास, सिर में, गर्दन के पीछे और पेट में चाकू मार दिए।

# कांग्रेसियों का नगर निगम जोन कार्यालय पर प्रदर्शन

### पार्षदों व रहवासियों ने की नारेबाजी, समस्या निराकरण में भेदभाव का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर। चार वार्डों की जनसमस्याओं को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस पार्षदों ने नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे के नेतृत्व में जोन 17 कार्यालय का घेराव किया। इन लोगों ने अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और भेदभाव का आरोप लगाया।**

कई प्रकार की समस्याओं को लेकर वार्ड 18, 19, 20 व 23 से जुड़े पार्षद रहवासियों के साथ जोन पहुंचे और नारेबाजी शुरू कर दी। पार्षदों व रहवासियों ने बताया कि नगर निगम निष्क्रिय बना हुआ है। ठेकेदारों का पेमेंट नहीं हो रहा है जिसके कारण कामों को गति नहीं है। पार्षद अपना काम पूरी तरह से निभा रहे हैं लेकिन निगम अधिकारी अपनी भूमिका नहीं निभा रहा है। हम कागजों पर अपने काम स्वीकृत कराकर लाते हैं लेकिन जनता को लाभ नहीं मिलता क्योंकि होता ही नहीं है। इन वार्डों में पूरी तरह सफाई नहीं होती।

रहवासियों का कहना है कि ड्रेनेज के लिए सफाई कर्मी नहीं हैं। नगर निगम कोई काम करने की स्थिति में नहीं है। जिस पर भी ठेकेदार के पास जाते हैं तो उनका कहना है पहला काफी बकाया है इसलिए काम नहीं करेंगे। स्थिति यह है कि पार्षद टूटे हुए चेम्बर तक नहीं सुधरवा पा रहे हैं।जनता को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। पार्षदों ने अधिकारियों पर भेदभाव का आरोप लगाया। उन्होंने कहा अब चुनाव हो चुके हैं इसलिए लगता नहीं है कि निगम बदलाव आएगी लेकिन कांग्रेस मैदान में उतर कर इसके खिलाफ लड़ाई जारी रखेंगे। आज शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया है। इसके बाद चरणबद्ध आंदोलन करेंगे।

## कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# खजराना गणेश के दर्शन कर कलेक्टर सिंह ने संभाला पदभार

### बोले- ट्रैफिक, पब्लिक ट्रांसपोर्ट और ड्रेनेज सिस्टम को ठीक करना मेरी पहली प्राथमिकता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। नवागत कलेक्टर आशीष सिंह ने शुक्रवार रात पदभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने से पहले वह खजराना गणेश मंदिर और उज्जैन में महाकाल मंदिर में दर्शन और पूजन के लिए पहुंचे थे। वे इंदौर के 34वें कलेक्टर होंगे। सिंह इससे पहले यहां जिला पंचायत सीईओ और फिर नगर निगम कमिश्नर रह चुके हैं। शनिवार को मतदाता सूची का प्रकाशन होने के कारण कलेक्टर आशीष सिंह ने शुक्रवार देर रात को ही पदभार ग्रहण करने कार्यालय पहुंचे।

कलेक्टर आशीष सिंह ने पदभार संभालने के बाद इंदौर की प्राथमिकता का लेकर कहा कि ट्रैफिक की समस्या और सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को दुरुस्त करने के लिए हम साथ मिलकर काम करेंगे साथ ही मास्टर प्लान के तहत ड्रेनेज सिस्टम और स्वच्छता के लिए और बेहतर काम करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

खास बात यह है कि इंदौर के ट्रेंचिंग ग्राउंड से सैकड़ों टन कचरा हटाकर वहां हरा-भरा मैदान बनाने में नवागत कलेक्टर आशीष सिंह की अहम भूमिका रही है। वहीं पिछले 20 साल में सिंह चौथे ऐसे अफसर हैं, जो पहले निगमायुक्त रहे और फिर यहीं कलेक्टर बनकर आए। उनसे पहले आकाश त्रिपाठी, पी. नरहरि, मनीष सिंह भी ये दोनों जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

आशीष सिंह ने वर्तमान कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी की जगह ली, जिन्हें सरकार ने प्रबंध संचालक, मप्र पर्यटन विकास निगम बनाया है। इलैया राजा टी ने 9 नवंबर 2022 को चार्ज संभाला था। वे सिर्फ 14 महीने कलेक्टर रहे, डॉ. इलैया राजा टी ने अपने कार्यकाल में प्रवासी भारतीय सम्मेलन, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, जी-20 और खेलो इंडिया जैसे सफल आयोजन करवाए हैं।

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर, शनिवार
06 जनवरी, 2024



**अतिक्रमण पर इंदौर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई**

# 125 शेड, 30 गुमटियां और 60 ओटले जमींदोज

◆ तीन ट्रक सामग्री जब्त, कई जगह विवाद भी हुआ।

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम के अमले ने शुक्रवार को फूटी कोठी चौराहा से कैट चौराहा तक अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाई। साढ़े चार घंटे चली कार्रवाई में 125 शेड, 30 गुमटियां और 60 कच्चे-पक्के ओटले जमींदोज किए गए। करीब तीन ट्रक सामग्री जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान कई बार विवाद की स्थिति भी बनी, बावजूद इसके निगम की कार्रवाई जारी रही। करीब दो किमी लंबे इस मार्ग**



**पर दुकानदारों ने कई फीट आगे बढ़कर पक्के शेड और गुमटियां बना ली थीं।**

## लोगों ने किया झूमाझटकी का प्रयास

क्षेत्र में बड़ी संख्या में मांस-मटन की दुकानें भी थीं। निगम के अमले के कार्रवाई शुरू करते ही दुकानदार विरोध में उतर आए। उन्होंने कई जगह कार्रवाई रोकने का प्रयास करते हुए झूमाझटकी का प्रयास भी किया। नगर निगम के सहायक रिमूवल अधिकारी बबलू कल्याणे ने बताया कि हमने दुकानदारों को सामान खाली करने के लिए समय भी दिया। इसके बाद जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाना शुरू किए।

## कई जगह हुआ विवाद

कल्याणे ने बताया कि कार्रवाई के दौरान क्षेत्र के दुकानदारों ने विरोध भी किया। कई जगह रहवासी मकानों के आगे शेड डालकर दुकान के रूप में उपयोग किया जा रहा था। कार्रवाई शाम करीब साढ़े चार बजे तक चली।

हाल ही में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इस क्षेत्र का दौरा भी किया था। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी दी थी कि वे खुद ही अपने अतिक्रमण हटा लें, वरना निगम कार्रवाई करेगा। बावजूद इसके दुकानदारों ने अतिक्रमण नहीं हटाए तो निगम ने कार्रवाई कर दी। कार्रवाई की शुरूआत शुक्रवार सुबह करीब 11.30 बजे फूटी कोठी चौराहा से हुई। 100 से ज्यादा निगमकर्मियों का अमला जैसे ही यहां पहुंचा दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

# अब तक नहीं बना नया मास्टर प्लान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के प्रबुद्धजन देश का सर्वश्रेष्ठ मास्टर प्लान बनाने की मांग कर रहे है लेकिन इंदौर का मास्टर प्लान अभी तक तैयार नहीं हो पाया। वर्ष 2008 में लागू किए गए मास्टर प्लान की मियाद दो साल पहले ही खत्म हो गई है। नियमानुसार नया मास्टर प्लान लागू होना चाहिए था, लेकिन अभी तक मास्टर प्लान के पते नहीं है। इस कारण शहर की सीमा से सटे इलाकों में अवैध बसाहट हो चुकी हो रही है।**

1 जनवरी 2008 को इंदौर का मास्टर प्लान 2021 लागू किया था। 13 साल के लिए बने मास्टर प्लान शहर में 80 फीसद भी लागू नहीं हो पाया। न पूरे सिटी फारेस्ट बने और न ही सभी बड़े मार्ग पूर्ण हो पाए।एमआर-3, एमआर-11,एमआर-12 आधे अधूरे पड़े है। रीजनल पार्क के अलावा स्कीम 78 और बिचौली मर्दाना में सिटी फारेस्ट बने है, जबकि मास्टर प्लान में दस से ज्यादा गार्डन है। 2008 के मास्टर प्लान में एक नया ट्रेंचिंग ग्राउंड बनना था, लेकिन अभी तक नहीं बन सका। अर्बन प्लानर विशेषज्ञ हितेंद्र मेहता के अनुसार मास्टर प्लान का तय समय में बनना और उसका क्रियान्वयन शहर विकास के लिए जरुरी है। जोनल प्लान के माध्यम से ही मास्टर प्लान को धरातल पर लाया जा सकता है। सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए। नगर तथा ग्राम निवेश जयवंत होलकर का कहना है। मास्टर प्लान एक समयसीमा के लिए डिजाइन होता है। वह समयसीमा समाप्त होने के बाद नया मास्टर प्लान बनकर तैयार हो जाना चाहिए ताकि शहर के विस्तार और बसाहट को व्यवस्थित किया जा सके। समय पर इंदौर में मास्टर प्लान लागू नहीं होने की कीमत पहले भी शहर को चुकानी पड़ी है। पश्चिम क्षेत्र की रिंग रोड और बायपास आज तक तैयार नहीं हो पाया। वर्ष 1818 में होलकर महाराज ने पैट्रिक गिडीज से इंदौर का पहला मास्टर प्लान बनवाया था। उसे मास्टर प्लान के हिसाब से राजवाड़ा और आसपास के क्षेत्र का विकास हुआ। सराफा, बर्तन बाजार,क्लॉथ मार्केट की प्लानिंग गिडीज ने अपने मास्टर प्लान में की थी। दूसरा मास्टर प्लान वर्ष 1975 में बना। तीसरा मास्टर प्लान 1993 में बनना था, लेकिन नही बन पाया। 1 जनवरी 2008 का इंदौर का तीसरा मास्टर प्लान लागू हुआ। इंदौर के आसपास के 79 गांव नए मास्टर प्लान में शामिल करने की कवायत नगर तथा ग्राम निवेश ने 2 साल पहले ही कर दी।

# मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पहुंचे जिम, फिटनेस के लिए किया प्रेरित





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन आवास व संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने फिट इंदौर, फिट भारत के प्रति सभी को व्यायाम करके प्रेरित किया। साथ ही इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव जी भी थे। विजयवर्गीय का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। उन्होंने यह वीडियो अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर पोस्ट किया है। इस वीडियो में वह व्यायाम करते हुए दिखाई दे रहे हैं। साथ ही वह डंबल्स उठाते हुए भी नजर आ रहे हैं। उस वीडियो के साथ ही उन्होंने कैप्शन के तौर पर लिखा है- फिट इंदौर, फिट भारत। वीडियो में इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी विजयवर्गीय के साथ व्यायाम करते नजर आ रहे हैं।

# बार-बार अच्छे विचार दोहराने से बढ़ती है आत्मा की इम्यूनिटी पॉवर : ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। हमारे मन की शुभ दुआओं युक्त सोच-विचार प्रणाली सकारात्मक ऊर्जा बन जाती है। दुआ अर्थात् मेरी सोच दूसरों के लिए सफलता की कामना प्राप्त कराने की हो। आप स्वस्थ हों, निरोगी हों, बहुत अच्छे हों जैसे उच्च सकारात्मक प्रकम्पन्न के सोच ही दुआ हैं। इससे हमारी आत्मा की शक्ति बढ़ेगी तो विपरीत परिस्थिति भी परिवर्तित हो जाएगी, असंभव भी संभव हो जाएगा। दुआएं हमारे कार्मिक अकाउंट को व्यर्थ के बोझ से मुक्त रखती हैं। अच्छी सोच रखने से दुआएं हमारी आत्मा की इम्यूनिटी पॉवर बढ़ाती हैं। दुआओं के बैंक बैलेंस में वृद्धि करने की सहज विधि है- दृढ़ता से शुभ संकल्पों को मन में बार-बार पुनरावृत्ति करना। प्रख्यात आध्यात्मिक अंतर्राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी BK Shivani ने आज अभय खेल प्रशाल में 'दुआओं का बैंक बैलेन्स' विषय पर ब्रह्माकुमारीज एवं जैन इन्टरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में



आयोजित कार्यक्रम में दिव्य उद्बोधन देते हुए उक्त विचार व्यक्त किए। बड़ी संख्या में लोगों से खचाखच भरे सभागार में उन्होंने कहा कि मेरी सोच दुआएं देने की है तो परिस्थितियां भी बदल जाती हैं तथा सब अच्छे हैं, सब अच्छे हैं - यह मन में विचार लाते-लाते मेरी खुद की स्थिति श्रेष्ठ बन जाती है। इंदौर शहर की स्वच्छता के क्षेत्र में देश में हर बार प्रथम नंबर आने की प्रशंसा करते हुए शिवानी दीदी ने कहा कि यहां के लोगों ने स्वच्छता को संस्कार और संस्कृति के रूप में अपना लिया है। अब शहर की स्वच्छता के साथ-साथ लोगों के मन की मैल को भी दुआएं देकर स्वच्छ बनाना है। उन्होंने इंदौर शहरवासियों से आह्वान किया कि न सिर्फ इंदौर को ही स्वच्छ बनाना है बल्कि दुआएं देना है कि अन्य शहर भी स्वच्छता को अपनाएं। इस प्रकार हमारा भारत देश स्वच्छ शहरों वाला देश बनेगा और फिर विश्व स्वर्णिम बनेगा। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, इंदौर कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी., नगर निगम कमिश्नर हर्षिका सिंह ने तथा जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के पदाधिकारियों हितेन्द्र मेहता, प्रियंका जैन ने स्वागत किया तथा रेखा जैन ने सम्मान-पत्र का वाचन कर भेंट किया।

# स्कूल के दोस्तों ने कपड़े उतरवाए फिर बेल्ट से पीटा

## कल से स्कूल आएगा तो जान से खत्म कर देंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**हरदा। हरदा जिले के रहटगांव थाना क्षेत्र के बालागांव में शुक्रवार शाम एक गंभीर मामला सामने आया है। इसमें पुरानी रंजिश के चलते कक्षा 12वीं के छात्र के साथ उसके स्कूल के एक छात्र अपने 4 से 5 दोस्तों के साथ मिलकर पहले तो धमकाया फिर उसके कपड़े उतरवाए और बेल्ट से जमकर पिटाई कर दी।**

पीड़ित ने पुलिस को बताया है कि आठ दिनों पहले उसका स्कूल के दोस्तों के साथ झगड़ा हो गया था। मुझे कहा कि कल से स्कूल आएगा तो जान से खत्म कर देंगे। बेरहमी से बेल्ट हुई स्टूडेंट की पिटाई के कारण उसकी पीठ पर निशान बन गए हैं। छात्र को करीब 18 बार बेल्ट से पीटा। छात्र ने पूरी घटना परिजनों को बताई। सिविल लाइन पुलिस ने शून्य पर कायमी कर डायरी रहटगांव थाना भेज दी है।

### जाते-जाते जान से मारने की धमकी दी

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार शाम 4.30 बजे रहटगांव थाना क्षेत्र के बालागांव की है। जहां सुनसान क्षेत्र में हायर सेकंडरी स्कूल बालागांव का छात्र कार्तिक छुट्टी के बाद अपने गांव कुकरावद लौट रहा था, तभी पुरानी रंजिश के चलते आरोपी छात्र ने अपने दोस्तों को बुला लिया। इसके बाद रास्ते में पीड़ित को रोक लिया और अपने दोस्तों की मौजूदगी में पहले तो उसकी शर्ट उतरवाई। फिर गाली गलौज करते हुए बेल्ट से जमकर पिटाई की। इस दौरान उसके कुछ दोस्तों ने पेंट भी उतरवाने की कोशिश की।

छात्र का आरोप है कि मारपीट करने के बाद युवक जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। युवक जाते-जाते बोलकर गए कि किसी को भी मारपीट के बारे में बताया या रिपोर्ट डाली तो तुझे जान से खत्म कर देंगे। युवकों ने मारपीट का वीडियो वायरल करने की धमकी दी है।

### एक आरोपी मुंह पर रूमाल बांधे था

वीडियो में दिखाई दे रहा है कि एक आरोपी मुंह पर रूमाल बांधे हुए था, उसी ने अपने साथी को अपना बेल्ट निकालकर दिया। करीब 2 मिनट 21 सेकंड के वीडियो में आरोपी ने पीड़ित को 18 बेल्ट मारे। इस बीच नकाबपोश लकड़ी हाथ में लेकर बार-बार धमकाता रहा। घटना के बाद छात्र ने अपने चाचा विनोद भिलाला को फोन कर पूरी जानकारी दी। उसके बाद परिजन घटना स्थल पहुंचे। उन्होंने मामले की शिकायत सिविल लाइन थाना में की है।

### पुलिस ने छात्र का मेडिकर करवाया

हरदा सिविल लाइन थाना प्रभारी संतोष सिंह चौहान ने बताया कि छात्र के साथ मारपीट की घटना हुई है। घटना स्थल रहटगांव थाना क्षेत्र के अंदर का है। छात्र का मेडिकल करवाया है। मामला शून्य पर कायमी कर केस डायरी रहटगांव भेज देंगे।

# महाकाल के भक्तों को मिलेगा क्वालिटी फूड

## 175 लाख रुपए के महाकाल प्रसादम का लोकार्पण सीएम करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। श्री महाकाल लोक में निर्मित देश की प्रथम स्वस्थ एवं स्वच्छ फूड स्ट्रीट का लोकार्पण 7 जनवरी को सीएम मोहन यादव करेंगे। श्री महाकाल लोक में निर्मित फूड स्ट्रीट प्रसादम का लोकार्पण, 36 कार्यों का भूमि पूजन और 150 कार्यों का लोकार्पण होगा।**

नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक ने देश की प्रथम नवनिर्मित स्वस्थ एवं स्वच्छ फूड स्ट्रीट की जानकारी देते हुए बताया कि ईट राइट फूड के अंतर्गत सभी मापदंडों का यहां विशेष ध्यान रखा जाएगा। प्रसादम नीलकंठ वन के समीप स्थित स्मार्ट वाहन पार्किंग के ऊपर स्थित परिसर में 175 लाख रुपए से शुरू होगा। महाकाल लोक में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यहां विभिन्न स्ट्रीट फूड बनाए जाएंगे।

प्रसादम में विभिन्न प्रकार के स्टॉल होंगे। साथ ही खाद्य पदार्थों की जांच के लिए भी स्टॉल रहेगा। महाकाल लोक में देश का प्रथम स्वस्थ एवं स्वच्छ फूड स्ट्रीट (प्रसादम) एफएसएसएआई और स्मार्ट सिटी के द्वारा प्रारंभ किया जाएगा। यहां स्ट्रीट फूड को बनाने में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। प्रसादम में स्ट्रीट फूड का हब बनेगा, जहां उज्जैन के स्थानीय व्यंजनों का लुत्फ भगवान महाकालेश्वर के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु ले सकेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 21876.50 लाख रुपए के 187 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। इसमें प्रदेश की 36 संस्थाओं का भूमिपूजन शामिल है, जिसकी लागत 11806.57 लाख है। प्रदेश की 150 स्वास्थ्य संस्थाओं का लोकार्पण होगा। इसकी लागत 9894.43 लाख है। उज्जैन फूड स्ट्रीट प्रसादम के लोकार्पण की लागत 175 लाख रहेगी। इस दौरान संजीवनी क्लिनिक का लोकार्पण भी मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। उज्जैन शहर के वार्ड क्रमांक 40 के पंवासा में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक सामुदायिक भवन निर्माण कार्य लागत 25 लाख एवं वार्ड-29 में रविशंकर नगर पानी की टंकी में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक सामुदायिक भवन निर्माण कार्य लागत 25 लाख के कार्यों का लोकार्पण होगा।

## बालिपुर आश्रम पहुंचे कैबिनेट मंत्री :महाआरती में शामिल हुए नागर सिंह चौहान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मनावर।** आलीराजपुर से विधायक और कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान शुक्रवार रात को मनावर पहुंचे। उन्होंने यहां ग्राम बालिपुर के मां अंबिका आश्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ दर्शन किए। प्रदेश के वन, पर्यावरण और अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागरसिंह चौहान ने आश्रम में पूजा की। वे महाआरती में शामिल हुए। मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। योजना का लाभ जनता मिले ऐसा प्रयास रहेगा। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता 24 घंटे तैयार रहते हैं। जैसे बार्डर पर हमारे सैनिक तैयार रहते हैं। इस अवसर पर बालिपुर के संत योगेश महाराज से आर्शीवाद लिया गया। आश्रम समिति की ओर से मंत्री का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रंजना बघेल भी मौजूद थी। नगर भाजपा अध्यक्ष संचिन पांडे ने बताया कि जयदीप पटेल, शिवराम कन्नौज, नगर पालिका अध्यक्ष अजय पाटीदार, जिला पंचायत सदस्य सरदारसिंह मेडा, जिला पंचायत सदस्य कपिल सोंलकी, सौरभ शर्मा भी मौजूद थे।

# RTO एजेंट की हत्या के 2 आरोपी अब भी फरार

## मां बोलीं- थाने जाओ तो पुलिस कहती है- तुम्हें ही बंद कर देंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** 'मेरे बेटे की हत्या करने वालों में से 2 फरार हैं। इन्हीं दोनों ने चाकू और छुरी से कई वार किए थे। उसकी मौत हुए 5 महीने होने वाले हैं। लेकिन, अब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं किए गए। मैं चाहती हूं कि हमें इंसाफ मिले। दोनों को सजा हो। इसी उम्मीद में थाने जाती हूं। जानना चाहती हूं कि वे कब गिरफ्तार किए जाएंगे। लेकिन, पुलिस मुझे ही धमकाती है। कहती है कि केस दर्ज कर तुम्हें ही बंद कर देंगे।'

यह कहना उस मां का है, जिसके 24 साल के बेटे की 14 अगस्त की रात भोपाल स्टेशन के पास हत्या कर दी गई। वह RTO एजेंट था। हत्याकांड को 5 महीने होने वाले हैं, लेकिन 2 आरोपी अब भी फरार हैं। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की तलाश में तीन टीमें जुटी हैं। अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका है।

**क्या था मामला-** भोपाल के गरम गड्ढा चांदबड़ निवासी गौरव शाक्य (24) पिता दीपक शाक्य RTO में एजेंट था। 14 अगस्त 2023 की रात खाना खाने बजरिया स्टेशन स्थित एक होटल पर गया था। वहां कुछ लोग पहले से मौजूद थे। दोनों पक्षों में वेटर को पहले ऑर्डर नोट कराने को लेकर विवाद हुआ था। 8 लोगों ने मिलकर चाकू और छुरी से गोदकर गौरव की हत्या कर दी थी।

**मां बोलीं- मेरे बेटे को इंसाफ दिलाओ-** मृतक गौरव शाक्य की मां कविता ने पुलिस और प्रशासन से इंसाफ दिलाने की मांग की है। उनका कहना है कि आरोपी यश अग्रवाल और रितिक बाथम फरार हैं। यही दोनों मुख्य आरोपी हैं, जिन्होंने बेटे गौरव पर चाकू और छुरी से कई वार किए थे। मेरा बेटा तो हमेशा के लिए चला गया और अब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं किए जा सके। मैं चाहती हूं कि हमें इंसाफ मिले।

# जीतू बोले- शिवराज से बदला ले रहे सीएम डॉ. मोहन

## ◆पटवारी ने अधिकारियों के तबादलों पर कहा- चौहान के अफसरों को हटा रहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल/सतना। मध्यप्रदेश में हो रही प्रशासनिक सर्जरी को लेकर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से बदला ले रहे हैं। सीएम उन सभी अफसरों को हटा रहे हैं, जिन्हें शिवराज ने पदस्थ किया था। ये भाजपा की अंदरूनी राजनीति का असर है।**

जीतू पटवारी ने कहा, नया मुख्यमंत्री आता है, अपने हिसाब से पूरी व्यवस्था करता है, लेकिन यहां तो भावना सीधी दिख रही है। इधर, शिवराज समय-समय पर अपना रिएक्शन देते रहते हैं। चुनाव तो उनके चेहरे पर जीता था। चेहरा उनका बताया और शादी आदरणीय मोहन यादव की कर दी। अब वो तबादले करें, अधिकारियों को हटाएं, पर गीता और रामायण के साथ घोषणा पत्र भी पूरा करें। ये दायित्व जनता ने हमें दिया है। इसे पूरा करवाएंगे। जीतू पटवारी शुक्रवार को सतना पहुंचे। यहां उन्होंने बीटीआई मैदान में बसपा नेता रहे पूर्व सांसद सुखलाल कुशवाहा की जयंती पर आयोजित सभा को संबोधित किया। इसके बाद रात में मीडिया से बातचीत की।

### प्रदेश में एक दिन में बदले 7 आईएएस अफसर

मप्र सरकार ने शुक्रवार को 7 IAS अफसरों के तबादले किए हैं। भोपाल और इंदौर के कलेक्टर बदले गए। भोपाल कलेक्टर आशीष सिंह को इंदौर कलेक्टर बनाया गया है। जबकि पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक कौशलेंद्र विक्रम सिंह को भोपाल कलेक्टर की जिम्मेदारी दी गई है।

### आठ जिलों का दौरा, पांच के कलेक्टर बदले

सीएम डॉ. मोहन यादव ने अब तक आठ जिलों का दौरा किया। पांच जिलों के कलेक्टर उनके दौरे के बाद हटाए गए हैं। वे तीन बार उज्जैन, तीन बार इंदौर जा चुके हैं। इसके अलावा गुना, खंडवा, खरगोन, जबलपुर, ग्वालियर और रीवा में उनका दौरा हुआ है। सीएम यादव के दौरे के बाद ग्वालियर, खंडवा, खरगोन को छोड़ बाकी पांच जिलों के कलेक्टर बदले गए हैं। शाजापुर कलेक्टर को ड्राइवर की हड़ताल के दौरान उनके औकात वाले बयान से नाराज होकर हटाया गया। इसके अलावा शुक्रवार को राज्य शासन ने रीवा, सागर, भोपाल, शिवपुरी के अपर कलेक्टर समेत राज्य प्रशासनिक सेवा के 17 अधिकारियों के ट्रांसफर किए हैं।

### खुटार ओपन कैंप का गेहूं भगवान भरोसे

# 50 फीसदी से अधिक खराब, जिम्मेदारों पर होगी कार्रवाई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उमरिया। उमरिया के खुटार ओपन कैंप में रखा चार हजार मीट्रिक टन गेहूं पूरी तरह खराब हो गया है। बताया जाता है कि कैंप में रखे भंडारित गेहूं के रखरखाव में लापरवाही बरती गई, जिस वजह से गेहूं में कीड़े लग गए।**

सूत्रों की माने तो वर्तमान में 70 से 75 फीसदी गेहूं उपयोग के लायक ही नहीं है। बताया जाता है कि भंडारित गेहूं करीब डेढ़ साल पहले अप्रैल 2022 में कैंप में भंडारित किया गया था। इसके रखरखाव की जिम्मेदारी निजी कंपनी ग्रीन ग्रो के हाथों में दी गई थी। इस पूरे मामले में मप्र वेयर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन के प्रबंधक अरविंद सिंह ने बताया कि किन्हीं कारणों से कॉर्पोरेशन ने निजी कम्पनी ग्रीन ग्रो को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है, जिसके बाद अभी जनवरी महीने से कॉर्पोरेशन ने कैंप को अपने हाथों में ले लिया है। सूत्रों की माने तो कॉर्पोरेशन ने अपने हाथों में लेने से पूर्व भौतिक सत्यापन नहीं कराया, जिससे ये साफ नहीं है कि भारी मात्रा में रखा भंडारित गेहूं कितना खराब हुआ है। विभाग भी इस पूरे मामले में गोलमोल जवाब दे रहा है। विभागीय सूत्रों की माने तो कैंप में रखा भंडारित गेहूं महज तीन महीने तक ही उपयोग के लायक होता है। जबकि यहां करीब डेढ़ वर्ष से बड़ी मात्रा में गेहूं भंडारित रहा है पर विभाग लापरवाह बना रहा। इस पूरे मामले में कलेक्टर ने त्वरित जांच की बात कही है और दोषियों को कड़ी सजा देने की बात कही है।

New Delhi

# शीतलहर के बीच बारिश का अलर्ट, हाड़ कंपाने वाली ठंड ढाएगी सितम, राजधानी में आज भी कोल्ड डे

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश की राजधानी दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में शीतलहर और कोहरे का कहर जारी है। कोहरे के कारण आम जन से लेकर यातायात प्रभावित हो रहा है। वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गए हैं, उड़ानों पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री कम रहा। पूरे दिन कोल्ड डे स्थिति बनी रही। शनिवार को भी हवाओं की दिशाओं में बदलाव से तापमान में कुछ बढ़त होने की उम्मीद है। शनिवार सुबह दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों में कोहरा छाया रहा।



मौसम विभाग का कहना है कि शुक्रवार को दिनभर बादल छाए रहने के कारण सूरज की रोशनी धरती तक पहुंच नहीं पाई, जिस कारण दिन के समय ठिठुरन महसूस हुई। कई जगहों पर पश्चिम, उत्तर, उत्तर-पश्चिम व उत्तर पूर्व दिशाओं से ठंडी हवाएं चली। ठंडी हवाओं के कारण दिल्ली के कई इलाकों में गलन महसूस हुई। अनुमान है कि आने वाले दिनों में अभी ठंड से राहत की उम्मीद नहीं है।

प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली के मुताबिक शुक्रवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 14.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से पांच डिग्री कम है। वहीं न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक है। शुक्रवार को दिल्ली का जाफरपुर इलाका सबसे ठंडा रहा। यहां का अधिकतम तापमान 13.1 डिग्री दर्ज किया गया। शनिवार को दिन में आसमान साफ रह सकता है।

P. Bangal

## राशन घोटाले में ED की कार्रवाई, TMC नेता गिरफ्तार; कल अधिकारियों पर हुआ था हमला



**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल में राशन वितरण घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने कल छापेमारी की थी। इस दौरान जांच एजेंसी की टीम पर भी हमला हुआ। अब खबर आ रही हैं कि टीएमसी के पूर्व बोंगगांव नगरपालिका अध्यक्ष शंकर आद्या को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। ईडी ने शुक्रवार को उनके ससुराल में छापा मारा था। आद्या को पश्चिम बंगाल के पूर्व खाद्य मंत्री ज्योति प्रिय मल्लिक का करीबी माना जाता है। आपको बता दें कि कल ईडी की टीम पर उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में हमला हुआ था। ईडी ने अपने बयान में कहा कि 800 से 1000 की भीड़ ने ईडी के जांच अधिकारियों को घेर लिया। ईडी ने दावा किया कि भीड़ अधिकारियों को मारने के लिए वहां पहुंची थी। यह घटना तृणमूल एक एक दूसरे नेता संदेशखाबी के घर की तलाशी के दौरान घटी। आपको यह भी बता दें कि भीड़ ने ईडी अधिकारियों के पास से लैपटॉप और मोबाइल भी छीन लिए। कई अधिकारियों के वॉलेट के पैसे भी चोरी हो गए। कारों में भी तोड़फोड़ की गई। गौरतलब है कि ईडी के अधिकारी दो टीमों में बंटकर राशन भ्रष्टाचार की जांच करने निकले थे। सुबह में एक टीम बनगांव नगर पालिका के पूर्व पूर्व चेयरमैन शंकर आद्या के ससुराल पहुंची। दूसरा समूह संदेशखाली के सरबेरिया के तृणमूल नेता शाहजहां शेख के घर गया। ईडी ने अपने बयान में कहा कि शाहजहां शेख के मोबाइल फोन का टावर लोकेशन देखा गया।

Rajasthan

## राजस्थान में बड़ा रेल हादसा टला, कोटा जंक्शन के पास जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस के दो डिब्बे पटरी से उतरे

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजस्थान में शुक्रवार को एक बड़ा रेल हादसा टल गया. कोटा जंक्शन के पास देर रात एक पैसेंजर ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए. जिसकी वजह से रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई और कई ट्रेनों को दूसरे ट्रैक पर डायवर्ट किया गया. न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन, जोधपुर से भोपाल जा रही थी, जब यह ट्रेन शुक्रवार देर रात कोटा जंक्शन पहुंची, उसी समय यह हादसा हो गया. राहत की बात ये है कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है. ये ट्रेन शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे जोधपुर से चली थी और भोपाल जा रही थी. जब ये कोटा पहुंची, उसी समय ये हादसा हो गया. ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जिसके बाद यात्रियों में हड़कंप मच गया. घटना के बाद रेलवे की टीम ने यात्रियों को ट्रेन से निकालने में मदद की. हालांकि इस हादसे में किसी के हताहत की कोई जानकारी नहीं है. इस घटना के बाद ट्रैक पर ट्रेन यातायात ठप पड़ गया और ट्रेनों को दूसरे रेलवे ट्रैक पर डायवर्ट किया गया. जानकारी के मुताबिक, अब रेलवे ट्रैक को रिस्टोर कर लिया गया है.

Jammu & Kashmir

## कश्मीरी पंडितों की हत्या करने वाला आतंकी बिलाल अहमद मारा गया, लश्कर का था कमांडर

**श्रीनगर, (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर से आतंकवादियों का सफाया जारी है। पिछले एक साल में सैनिकों, प्रवासी श्रमिकों और कश्मीरी पंडितों की सिलसिलेवार हत्याओं में कथित तौर पर शामिल लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकवादी को शुक्रवार को कश्मीर के शोपियां जिले में एक मुठभेड़ में मार गिराया गया। पुलिस ने कहा कि बिलाल अहमद भट ने शोपियां के चोटीगाम इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान एक ठिकाने पर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ जवानों की एक संयुक्त टीम पर गोलीबारी की। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

पुलिस ने कहा कि बाद में उसके शव को बड़े पैमाने पर जखीरे के साथ जब्त कर लिया गया। जब्त हथियारों में एक एके-47 राइफल, मैगजीन और अन्य आपत्तिजनक सामग्री शामिल थी। बिलाल शोपियां के चेक चोलन का रहने वाला था और उसकी उम्र करीब 25 साल थी। पुलिस के मुताबिक, बिलाल ने पिछले साल घाटी में कई तरह के लोगों को निशाना बनाते हुए कई हमले किए थे। वह कथित तौर पर कुलगाम के सुदसन इलाके के एक सेना के जवान उमर फैयाज की हत्या में शामिल था।

बिलाल पर शोपियां के हरमैन में दो प्रवासी मजदूरों पर ग्रेनेड फेंकने का भी आरोप था, जिसमें दोनों की मौत हो गई थी। बिलाल का नाम तब भी सामने आया था जब शोपियां में एक कश्मीरी पंडित सुनील कुमार भट्ट की हत्या कर दी गई थी।

खेल

# आईसीसी अवॉर्ड जीतने की रेस में आठ भारतीय

## विराट-जडेजा बन सकते हैं सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

**नई दिल्ली।** आईसीसी ने वार्षिक पुरस्कार 2023 के लिए कई श्रेणियों में स्टार खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया है। इनमें से चार श्रेणियों में अवॉर्ड जीतने के दावेदार खिलाड़ियों के नाम का एलान कर दिया गया है। अन्य श्रेणियों में पुरस्कार जीतने के दावेदार खिलाड़ियों के नाम का एलान आने वाले दिनों में किया जाएगा। फैंस आईसीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने पसंदीदा खिलाड़ी के लिए वोट कर सकते हैं। कुल नौ श्रेणियों में, दुनियाभार के क्रिकेट फैंस को अपने पसंदीदा खिलाड़ियों के लिए वोट करने का मौका मिलेगा।

**आईसीसी पुरुष इमर्जिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2023**

रचिन रवीन्द्र, यशस्वी जयसवाल, जेराल्ड कोएत्जी
दिलशान मदुशंका

**आईसीसी महिला इमर्जिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर**

फीबी लिचफील्ड, मारुफा अख्तर
लॉरेन बेल, डार्सी कार्टर




**आईसीसी पुरुष टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर**

सूर्यकुमार यादव, सिकंदर रजा
अल्पेश रमजानी, मार्क चैपमैन

**आईसीसी महिला टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर**

हीली मैथ्यूज, एलिस पेरी
सोफी एक्लेस्टोन, चमारी अटापट्टू

**आईसीसी पुरुष वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर**

शुभमन गिल,विराट कोहली
मोहम्मद शमी, डेरिल मिचेल

**आईसीसी महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2023**

एश्ले गार्डनर, चमारी अटापट्टू
नेट सिवर-ब्रंट, अमेलिया कर

**आईसीसी पुरुष टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2023**

ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा
रविचंद्रन अश्विन, जो रूट

**वर्ष 2023 की महिला क्रिकेटर के लिए राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी**

चमारी अटापट्टू, एश्ले गार्डनर
नेट सिवर-ब्रंट, बेथ मूनी

**वर्ष 2023 के पुरुष क्रिकेटर के लिए सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी**

ट्रेविस हेड, विराट कोहली
रवींद्र जडेजा, पैट कमिंस

सिनेमा

## एनिमल की सफलता पार्टी में चार चांद लगाएंगी रश्मिका, पुष्पा 2 की शूटिंग से लिया ब्रेक!



रश्मिका मंदाना ने अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'एनिमल' के साथ महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। साथ ही एक लोकप्रिय अभिनेत्री के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है। वर्तमान में, वह हैदराबाद में बहुप्रतीक्षित 'पुष्पा 2' यानी 'पुष्पाः द रूल' की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसमें अल्लू अर्जुन भी मुख्य भूमिका में हैं। अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद रश्मिका मंदाना ने 'एनिमल' की सक्सेस पार्टी का हिस्सा बनने की ठानी है, और इसके लिए अभिनेत्री ने 'पुष्पा 2' के निर्माताओं से एक विशेष अनुमति ली है।

रिपोर्ट की मानें तो, रश्मिका मंदाना 'एनिमल' की सफलता का जश्न मनाने के लिए मुंबई का उल्लेखनीय चक्कर लगा रही हैं। इससे भी आगे बढ़कर, उन्होंने 'पुष्पा 2' के निर्माताओं से एक छोटे ब्रेक के लिए विशेष अनुमति ली है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रश्मिका मंदाना इस समय बहुप्रतीक्षित 'पुष्पा 2' के लिए एक गाने की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसी कड़ी में अभिनेत्री ने निर्माताओं से एक छोटा ब्रेक लेने की अर्जी लगाई, जिसे मंजूरी भी मिल चुकी है।

## संपादकीय

### ये आर्थिक भ्रष्टाचार से ज्यादा गंभीर

अस्पतालों में नकली दवाओं की आपूर्ति और रोगियों पर परीक्षण किसी आर्थिक गड़बड़ी के समांतर ज्यादा गंभीर भ्रष्टाचार है, जिसके शिकार हुए लोग या तो पहले से ज्यादा जटिल रोग का शिकार हो सकते हैं या फिर उनकी जान भी जा सकती है। इन तथ्यों के जगजाहिर होने के बावजूद आखिर सरकार का तंत्र कैसे काम कर रहा है कि अस्पतालों में दवा की आपूर्ति करने वाला कोई गिरोह नकली दवाएं भेज देता है या फिर किसी रोगी को गलत तरीके से परीक्षण की आंच में झोंक देता है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार खासकर शिक्षा और स्वास्थ्य के मोर्चे पर विशेष ध्यान देने और जमीनी स्तर पर काम करने का दावा लगातार करती रही है। पार्टी इन क्षेत्रों में किए गए कामों को एक आदर्श के रूप में प्रचारित करती रही है। मगर शिक्षा और स्वास्थ्य के ढांचे में सुधार की हकीकत अक्सर ऐसी खबरों के जरिए सामने आती रही है, जिनसे कई सवाल उठते हैं। हाल ही में दिल्ली के कुछ अस्पतालों में नकली दवाओं की आपूर्ति का मामला उठा। यह बेहद गंभीर इसलिए है कि किसी नकली दवा का दुष्प्रभाव भयावह नतीजे दे सकता है। यही वजह है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों में नकली दवाओं की आपूर्ति की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआइ से कराने का आदेश दिया है। इस मसले पर उठे विवाद के बाद दिल्ली के उपराज्यपाल ने गृह मंत्रालय से मामले की सीबीआइ जांच की सिफारिश की थी। विचित्र है कि एक ओर दिल्ली के कुछ अस्पतालों में मरीजों के लिए नकली दवाएं भेजी जाती रहीं और दूसरी ओर सरकार स्वास्थ्य के मोर्चे पर बेहतरीन कामकाज का हवाला देती रही। इसके अलावा, पिछले वर्ष यह मामला भी सुर्खियों में आया था कि दिल्ली सरकार के बहुप्रचारित मोहल्ला क्लीनिकों में चिकित्सक नहीं आते, मगर उनकी उपस्थिति दिखाई जा रही थी। साथ ही, निजी प्रयोगशालाओं को लाभ पहुंचाने के मकसद से मरीजों को फर्जी जांच परामर्श दिए जा रहे थे। बाद में यह पहलू भी सामने आया कि फर्जी मरीजों पर परीक्षण किए गए। अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस क्रम में बिना विस्तृत जानकारी दिए जिन लोगों का परीक्षण किया गया होगा, उनकी सेहत के साथ किस स्तर का खिलवाड़ हुआ। इस मामले में भी उपराज्यपाल ने सीबीआइ जांच का आदेश जारी किया है।

# बुद्धिमान राजा



सालों पहले एक नगर में एक बुद्धिमान राजा राज्य करता था। उनकी बुद्धि और होशियारी की चर्चा दूर-दूर तक थी। राजा कभी भी बिना सोचे-समझे कुछ नहीं कहता और न ही किसी आरोपी की बात सुने बिना उसे सजा सुनाता था। उसकी बुद्धिमत्ता के चर्चे सुनकर आसपास के राजा, रानियां और राजकुमारी आदि उनसे जलते थे।

इसी जलन के चलते सभी उस राजा की बुद्धिमत्ता की परीक्षा लेने के लिए नए-नए तरीके अपनाते थे। हर बार राजा दूसरे राज्य के शासकों द्वारा ली गई परीक्षा में खरा उतर कर खुद को होशियार और योग्य राजा साबित करता था।

एक दिन राजा की परीक्षा लेने के लिए एक राजकुमारी आई। उसके हाथों में दो फूलों की माला थी। दोनों माला में से एक असली फूल से बनी थी और दूसरी नकली से। उन दोनों मालाओं को देखकर उनका ये भेद बिल्कुल पता नहीं चल पाता था। इसी वजह से राजकुमारी ने राजा के सामने दोनों मालाएं रखकर पूछा, 'हे राजन! अगर आप बुद्धिमान हैं, तो बताइए कि इनमें से कौन-सी माला असली है।

राजदरबार में बैठे सभी दरबारी माला को देखकर हैरान थे, क्योंकि किसी को समझ नहीं आ रहा था कि असली फूलों की माला कौन-सी है। सभी इस सोच में थे कि राजा कैसे बता पाएंगे कि असली फूलों की माला कौन-सी है।

राजा भी माला को देखकर परेशान होने लगे। उसी वक्त उनके दिमाग में कुछ तरकीब आई। उन्होंने तुरंत अपने एक सेवक से कहा, 'बगीचे की खिड़कियों को खोल दो।' सेवक ने बगीचे की खिड़की को जैसे ही खोला, तो राजा ने देखा कि फूल में बैठी मधुमक्खियां खिड़कियों से राज दरबार में आ रही हैं। वो कुछ देर मधुमक्खियों को ही देखते रहे। जैसे ही एकात मधुमक्खी एक फूल की माला में बैठी, वैसे ही राजा ने कहा कि अब मैं बता सकता हूं कि असली माला कौन-सी है।

राजा ने तुरंत उस माला की तरफ इशारा किया, जिसपर मधुमक्खी बैठ रखी थी। राजा की होशियारी देखकर दरबार में मौजूद सभी उनकी तारीफ करने लगे। सभी कहने लगे कि हर राज्य को आपके जैसे ही बुद्धमान राजा की जरूरत है।

राजकुमारी भी राजा के बुद्धिमत्ता देखकर खुश हो गई। उसने भी बुद्धिमान राजा की तारीफ में कुछ शब्द कहे और वहां से अपने राज्य की ओर निकल पड़ी।

#### कहानी से सीख

अगर व्यक्ति अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करे, तो वो हर प्रश्न का सही जवाब तलाश सकता है और हर मुसीबत का हल भी निकाल लेता है।

# तेंदुए का शिकार




भले ही शेखचिल्ली बेवकूफी भरी बातें और कार्य था, लेकिन एक दिन शेखचिल्ली की किसी काबिलियत को देखते हुए झज्जर नवाब शेख फारूख ने उसे अपने यहां नौकरी दे दी। दिन बीतते गए और शेख ईमानदारी से अपना काम करता रहा। एक दिन नवाब शिकार खेलने के लिए जंगल जा रहे थे।

उन्हें शिकार के लिए जाता देख शेख ने कहा, "महाराज मैं भी आपके साथ आना चाहता हूं।"

नवाब ने हंसते हुए उसे समझाया कि तुम वहां नहीं जा सकते हो। तुमने जीवन में कभी किसी चूहे का भी शिकार नहीं किया होगा, तो तुम जंगल चलकर क्या करोगे?

झज्जर नवाब से यह सुनकर दुखी आवाज में शेखचिल्ली बोला, "आप मुझे अपनी काबिलियत दिखाने का एक मौका तो दीजिए।"

नवाब ने उसकी जिद देखकर शेखचिल्ली के हाथ में भी एक बंदूक थमा दी। अब सभी एक साथ कालेसर जंगल की ओर बढ़ने लगे। कुछ दूर पहुंचकर सब शिकार का इंतजार करने के लिए अपनी-अपनी जगह पर खड़े हो गए। नवाब साहब ने शेखचिल्ली को अपने साथ खड़े रहने को कहा।

तेंदुए को फंसाने के लिए पेड़ पर एक बकरी को बांध रखा था। फिर भी तीन घंटे तक तेंदुआ वहां आया नहीं। इतने में चिल्लाते हुए शेखचिल्ली ने पूछा कि कहा गया तेंदुआ अब तक आया क्यों नहीं। नवाब के पास में ही खड़े एक शिकारी ने कहा कि तुम चुप रहो। वरना सारा काम बिगाड़ दोगे।

इतने में ही शेखचिल्ली मन में ही ख्याली पुलाव पकाने लगा। उसके मन में हुआ कि एक-दो तेंदुए का शिकार करने के लिए इतने सारे लोग यहां आ गए हैं। आए सो आए, लेकिन एक भी तेंदुए को ढूंढने के लिए नहीं गया। सबके सब पेड़ के पीछे छुपकर उसका इंतजार कर रहे हैं।

फिर शेख के मन में हुआ कि मेरा बस चले, तो मैं बंदूक लेकर सीधा तेंदुए को ढूंढने के लिए निकल जाऊं। उसे ढूंढकर उसके पीछे-पीछे चुपचाप से चलने लगूंगा और जैसी ही वो मेरे तरफ देखेगा, तो उसका शिकार कर दूंगा। इतना सोचती ही शेख ने खुद से कहा कि वैसे सुना है कि तेंदुए बहुत तेज दौड़ते और बड़ी छलांग भी लगाते हैं। अगर वो मेरे ऊपर चढ़ गया, तो क्या होगा?

इस विचार को शेखचिल्ली ने अपने मन से जाने दिया। उसने कहा कि क्या हुआ अगर वो तेज दौड़ता है। क्या मैं उससे कम हूं। जैसे ही वो मेरी तरफ दौड़ेगा। मैं अपनी बंदूक चला दूंगा, लेकिन ऐसे पेड़ के पीछे छुपकर और बकरी की जान को खतरे में डालने से क्या होगा। सब के सब यहां डरपोक हैं। तभी जोर से बंदूक चलने की आवाज आई। आवाज सुनते ही शेखचिल्ली चिल्लाया तेंदुआ मर गया।

सब लोग पेड़ के पीछे से बाहर निकल आए। उन्होंने देखा कि बकरी जैसी की तैसी ही पेड़ पर बंधकर घांस खा रही है। कुछ दूर उन लोगों ने नजर दौड़ाई, तो तेंदुए को मरा पाया। सबको लगा कि शेखचिल्ली ने ही तेंदुए का शिकार किया है। सबने शेखचिल्ली को बधाई दी। सबसे वाहवाही मिलने पर शेखचिल्ली खुश हो गया, लेकिन उसे खुद समझ नहीं आया कि आखिर तेंदुआ मरा कैसे।

#### कहानी से सीख

कभी-कभी ऐसे लोग भी अपनी काबिलियत दिखा जाते हैं, जिनसे कुछ उम्मीद नहीं होती है। इसी वजह से किसी को कम नहीं आंकना चाहिए।

## Highlights

1. **There's Kim Jong-un government in WB: Giriraj on ED attack**
2. **Karnataka Cabinet Gives Nod to Kannada Language Amendment**
3. **ED files fresh chargesheet in Mahadev app case, names Bhupesh Baghel**
4. **ISRO's grand finale: Aditya-L1 mission set to enter final orbit**
5. **'Met on dating app': Delhi HC grants bail to man accused of rape**
6. **Meghalaya games 2024 set to make history with President's Presence**

# Wipro executives cannot join Cognizant, 9 other rival firms for 12 months after exit

**NEW DElHI, (Agency).** Senior executives who leave Wipro cannot join 10 rival firms for one year starting from their last day at the IT major. This is because of a non-compete clause in their contract that bars them from joining any of these companies immediately after leaving the software firm.

This is as per the lawsuit filed by the Bengaluru-based giant against ex-CFO Jatin Dalal, who joined rival Cognizant, and from whom the Rishad Premji-led company is seeking ₹25.15 crore (plus 18% interest per annum till the full payment is made) in damages for his actions.

Which are these 10 companies?

These are: Accenture, Capegemini, Cognizant, Deloitte, DXC Technology, HCL, IBM, Infosys, TCS, and Tech Mahindra. Each of these names, claims Wipro, was mentioned in Dalal's contract, yet he joined a direct competitor, where



he arrived as CFO in September last year, months after resigning from Wipro.

Dalal joined Wipro in 2002, and became its CFO in 2015; in 2019, he was given the additional responsibilities as its President. In such senior roles, therefore, he would be 'privy to confidential information in relation to the company's strategy and business,' the lawsuit says.

Mohd Haque, Wipro's former Senior VP who also joined Cognizant, too has been sued by his previous employer.

Other senior level exits from Wipro- Last year, the IT major saw multiple top executives depart; of these, however, only Dalal and Haque got sued. Other key leaders who said goodbye were COO Sanjeev Singh, iDEAS business head Rajan Kohli, Americas 1 CFO Kamini Shah, Americas 2 CFO Nithin V Jaganmohan, India head Satya Easwaran, VP Gurwinder Sahni, and Ashish Saxena, who headed its manufacturing the high-tech business unit.

# Tata to bring 5 cars on new 'acti.ev' platform; Punch EV to be first

**NEW DElHI, (Agency).** Tata Passenger Electric Mobility, the company's electric vehicle arm, is planning to bring five products over the next 18 months using its first advanced pure electric vehicle architecture, 'acti.ev'.

Punch.ev will be the first vehicle to be produced using the new architecture.

"This architecture has been meticulously designed to enable class-leading




efficiencies, maximising space, and battery capacity and enhancing the overall driving experience. acti.ev is a global-ready, future-facing pure electric architecture that enables the implementation of software-oriented features, ensuring that our vehicles are not only technologically advanced but also future-proof," TPEM Chief Products Officer, Head of HV Programs and Customer Service Anand Kulkarni told PTI.

# कांस्टेबल पर चढ़ाई कार, पैर फ्रैक्चर

## पुलिस ने इंजीनियर को किया गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कार सवार इंजीनियर ने नशे में लसूडिया इलाके में कार से जमकर उत्पात मचाया। चेकिंग के दौरान आरोपी ने कार नहीं रोकी और उल्टा रिवर्स लेकर कांस्टेबल को कुचलकर भाग निकला। उसे पकडऩे के लिए ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल ने कार का गेट खोला तो वह खुले गेट में ही कार दौड़ा ले गया।**

रातभर चेकिंग के बाद पुलिस ने कार नंबर से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वह सिविल इंजीनियर है। लसूडिय़ा टीआई तारेश सोनी ने बताया कि घटना गुरुवार रात 11.30 बजे की है। देवास नाका स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पास नशे में धुत्त होकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ चेकिंग पॉइंट लगाया था। इसी दौरान एक सफेद कार (एमपी 09 सीयू 6088) का चालक तेज रफ्तार में आया। कांस्टेबल मनीष पटेल व हेड कांस्टेबल अतुल शर्मा ने हाथ देकर उसे रोकना चाहा तो उसने कार धीमी की। कांस्टेबल को लगा कार रुक गई है, इसलिए वे कार के पीछे जाकर दूसरे वाहनों को रोकने के लिए खड़ा हो गया। इसी दौरान कार चालक ने कार रिवर्स ली और कांस्टेबल को रौंदते हुए रॉन्ग साइड से भाग निकला। हादसे में कांस्टेबल मनीष पटेल का पैर फ्रैक्चर हुआ है।

शुक्रवार रात पुलिस ने आरोपी कार चालक को नंबर के आधार पर ट्रेस किया तो पता चला वह हरमंत उर्फ सन्नी पिता शिवराज कौशल निवासी तुलसी नगर है। वह नशे में था। पुलिस चेकिंग में पकड़े जाने के डर से भागना कबूल किया है। आरोपी हरमंत सिविल इंजीनियर है। इसके पिता खाचरोद के स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टर हैं। आरोपी की कार भी जब्त की है।

### कांस्टेबल को लेकर अस्पताल दौड़े टीआई

टीआई तारेश सोनी ने जैसे ही कांस्टेबल को देखा, वे उसे उठाकर पुलिस गाड़ी में हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। उसी दौरान हेड कांस्टेबल ने कार का गेट खोल दिया, लेकिन वह फिर भी नहीं रुका।

# घर से निकले व्यापारी को आया हार्ट अटैक, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ठंड के मौसम में हार्ट अटैक के मामले बढ़ गए हैं। अब एक ऐसा ही वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक शख्स को टू व्हीलर से घर जाते समय बाज़ार में अटैक आ गया और उसकी मौत हो गई है।**

वायरल वीडियो इंदौर के सियागंज का है। इंदौर के सियागंज व्यापारिक क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम पंकज जैन (55) निवासी उषा नगर रोज की तरह बाजार आए थे। शाम को दोपहिया से घर जाते वक्त हिंग शॉप के सामने गिर गए। वहां मौजूद लोगों ने उन्हे सीपीआर देने का प्रयास किया। कुछ ही देर बाद नजदीक के गोकुलदास अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टरो ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह पूरा मामला क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ। शहर में तीन सप्ताह में यह तीसरा मामला सामने आया है। पिछ्ले दिनों एक व्यक्ति को होटल में खाना खाने के दौरान अटैक आया और उसकी मौत हो गई। इसके बाद चंदन नगर में 28 वर्षीय पेंटर की साइलेंट अटैक से मौत हुई। अब ताजा घटनाक्रम सियागंज का सामने आया है। इसमें किराना व्यापारी और ब्रोकर एसोशिएशन के उपाध्यक्ष पंकज गादिया जैन मणिधारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। पंकज जैन तब घर जाने के लिए निकले थे। तभी रास्ते में व्यापार के सिलसिले में एक दुकान पर पहुंचे। दुकान पर पहुंचते ही जैसे उन्होंने गाड़ी रोकी। गाड़ी पर ही उन्हें सीवियर अटैक आया और वे निढाल होकर गिर पड़े। बता दें कि पंकज जैन मूलतः थांदला के रहने वाले थे। रोज की तरह करीब 7.30 बजे वे घर जाने के लिए निकले थे। तभी यह हादसा हो गया।

### हत्याकांड में भाजपा पार्षद के भतीजे की तलाश

**इंदौर।** रणजीत हनुमान की प्रभातफेरी में भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकर्ता शुभम रघुवंशी की हत्या में अन्नपूर्णा पुलिस भाजपा पार्षद के भतीजे काला यादव की सरगर्मी से तलाश में जुटी है। मामले में अभी तक यश गोधा, युवराज यादव, कृष्णा प्रजापति और कपिल यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। काला यादव सहित राहुल चौकसे, हिमांशु यादव, ऋषभ पाल आदि की तलाश है।

# 11 से 17 जनवरी तक मनेगा सडक़ सुरक्षा सप्ताह

## नेहरू युवा केंद्र और यातायात पुलिस मिलकर चलाएँगे अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नेहरू युवा केंद्र इंदौर द्वारा यातायात पुलिस के साथ मिलकर 11 से 17 जनवरी तक सडक़ सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा। इस सिलसिले में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में रोड सेफ्टी के विषय पर वालंटियर्स के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सडक़ सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और युवा वालंटियर्स को इस क्षेत्र में प्रशिक्षित करना है।**

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में नेहरू युवा केंद्र के प्रतिनिधियों ने डीसीपी ट्रॉफिक मनीष अग्रवाल से चर्चा की थी। इस चर्चा में सडक़ सुरक्षा की वर्तमान स्थिति, आवश्यक सुधार के क्षेत्र और युवा वालंटियर्स की भूमिका पर विशेष ध्यान दिया गया। मनीष अग्रवाल ने इस पहल का स्वागत किया और उन्होंने सडक़ सुरक्षा के महत्व पर बल दिया, साथ ही समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए युवा वालंटियर्स की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से उम्मीद है कि युवा वालंटियर्स सडक़ सुरक्षा के मानकों और नियमों को बेहतर ढंग से समझ पाएंगे और समुदाय में इसके प्रति जागरूकता फैलाने में सक्षम होंगे। नेहरू युवा केंद्र इंदौर की ओर से सभी संबंधित व्यक्तियों और संगठनों को इस कार्यक्रम में भाग लेने और इस महत्वपूर्ण पहल का समर्थन करने का आह्वान किया गया है।

# कंपकंपा रहा है पूरा शहर

## तीसरे दिन भी सुबह से छाए बादल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नए साल के शुरुआती दिनों में ठंड लगातार बढ़ रही है। एक दशक में इस बार सबसे गर्म रहने वाले दिसम्बर के बाद अब अब शहर में ठंड के तेवर काफी तीखे हो गए हैं। शुक्रवार को तो सर्द हवाएं और तेज होकर 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली, साथ ही दिनभर बादल छाए रहे। दोपहर बाद तो मौसम इतना ठंडा हुआ कि तापमान 18.3 (-7) डिग्री सेल्सियस पर आ गया। फिर शाम को भी कोहरा छा गया। इसके साथ ही रात भी काफी ठंडी रही। मौसम वैज्ञानिकों ने दो-तीन दिन ऐसी ही सर्दी के आसार जताए हैं। इस दौरान तापमान में और गिरावट आ सकती है।

शनिवार सुबह से घने कोहरे के बाद बादल छाए हुए है। अन्य दिनों के मुकाबले पार्क में भी लोगों की कम भीड़ रही। सडक़ पर जो लोग निकल रहे हैं वह ठंडी हवाओं से बचने के लिए 3-4 ऊनी कपड़े पहनकर निकल रहे हैं। लोग घरों में अलाव और हीटर का सहारा ले रहे हैं। गुरुवार को दिन का तापमान 19.6 (-6) डिग्री तथा रात का तापमान 15 (+5) डिग्री सेल्सियस था। इसके बाद शुक्रवार को इसमें 1 डिग्री की और गिरावट आई और तापमान 18.3 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। इस सीजन में यह दिन का सबसे कम तापमान (सामान्य से 7 डिग्री कम) है। रात को भी ठंड कंपकपाने वाली रही। इस बार दिसम्बर में ठंड की बेरुखी के चलते बाजारों में ऊनी कपड़ों की दुकानों पर ग्राहकी काफी कम थी, लेकिन इस हफ्ते में तापमान गिरने से अब इन दुकानों पर भीड़ भी बढऩे लगी है।

Confidential Investigation & all type of Detective services
Successful Journey Since 2002...
प्रतिस्पर्धा का समय है।
स्वार्थियों, घर के भेदियों से भर गया है समाज।
सावधान रहना है सब से।
निगाह रखनी है लोगो पर, घटनाओं पर, वातावरण पर
कहीं ऐसा तो नहीं...
कोई साँप आस्तीन में छुपा हो ?
फूलों की सेज पर कुछ काँटे हों ?
व्यक्तिगत/व्यापारिक जीवन में कोई छिद्र हो ?
इस प्रकार की सभी व्यक्तिगत, व्यापारिक, राजनैतिक, कानूनी,
सभी प्रकार के इन्वेस्टीगेशन कार्य... सबूत/प्रमाण हेतु
मदद के लिये तैयार... कभी भी.... कहीं भी...
कब..क्यों..कहाँ..कितना..कैसे..!
DETECTIVE GROUP
पूर्ण गोपनीयता...पूर्ण विश्वसनीयता
www.detectivegroup.in
+91-9111050101
+91-9111050101
+91-9111050101
“ संपूर्ण विश्व हमारी सीमा में हैं ”

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक